मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2002 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 6 अगस्त, 2002 (श्रावण 15, 1924)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्रीमती सुधा जैन, एडव्होकेट, सदस्य, सागर जिले के शासकीय कन्या महाविद्यालय को उत्कृष्टता केन्द्र में विकसित किये जाने के कारण छात्राओं को प्रवेश न मिलने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी.

(2) श्री तेजसिंह सेंधव,सदस्य, देवास जिले के हाटपिपल्या क्षेत्र में डकैती की घटनाएं होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. वक्तव्य

डॉ. गोविन्द सिंह, राज्यमंत्री सहकारिता, दिनांक 6 नवम्बर, 2001 एवं 16 जुलाई, 2002 को पूछे गये क्रमशः अतारांकित प्रश्न संख्या 38 (क्रमांक-736) तथा अतारांकित प्रश्न संख्या 9 (क्रमांक-137) के उत्तरों में संशोधन करने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री महेन्द्र सिंह, कृषि मंत्री, मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम (संशोधन) विधेयक, 2002 (क्रमांक 19 सन् 2002) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(2) श्री अजय मुशरान, वाणिज्यिक कर मंत्री, मध्यप्रदेश वेट विधेयक, 2002 (क्रमांक 20 सन् 2002) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(3) श्री हजारीलाल रघुवंशी, राजस्व मंत्री, मध्यप्रदेश निरसन विधेयक, 2002 (क्रमांक 21 सन् 2002) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(4) श्री दीपक सक्सेना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2002 (क्रमांक 22 सन् 2002) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

(5) श्री इन्द्रजीत कुमार, स्कूल शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश जन शिक्षा विधेयक, 2002 (क्रमांक 18 सन् 2002) पर विचार किया जाय.

निर्धारित समय 1घन्टा 30 मि.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

5. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

मध्यप्रदेश में पंचायतराज एवं विकेन्द्रीकरण संबंधी स्टेटस रिपोर्ट के संबंध में चर्चा का पुनर्ग्रहण.

डॉ. ए.के. पयासी
सचिव
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 5 अगस्त, 2002